# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

**दिनांक 11.11.2020 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति– पंजी के अनुसार**

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु उप विकास आयुक्त–सह–सचिव, DMFT रामगढ़ को निदेश दिया गया है। तत्पश्चात् जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी, DMFT द्वारा समर्पित प्रस्ताव के विमर्शोपरान्त निम्नवत् अनुमोदन प्राप्त किया गया।

1. **Community Park एवं रामगढ़ ट्रेकर स्टैण्ड मार्केट विकास कार्य हेतु उपयुक्त Consultancy का चयन**
   समिति द्वारा समाहरणालय के समक्ष प्रस्तावित Community Park एवं रामगढ़ ट्रेकर स्टैण्ड के समीप मार्केट विकास का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए उपयुक्त Consultancy चयन हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग/भवन निर्माण विभाग से Empanalled Consultants से प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु EOI आमंत्रित करने का निदेश दिया गया।
2. **वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अंकेक्षण हेतु चयनित एजेन्सी का अनुमोदन**
   DMFT अन्तर्गत EOI के माध्यम से चयनित Anjali Jain & Associates C.A., Ranchi का चयन कर कार्यालय आदेश ज्ञापांक 493/जि0यो0 दिनांक 09.09.2020 द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया है। उक्त एजेन्सी चयन को अनुमोदित करते हुए ससमय अंकेक्षण कार्य पूरा करने एवं Audit Report विभाग को अविलम्ब भेजने हेतु निदेश दिया गया।
3. **प्रस्तावित नयी योजनाओं का अनुमोदन**
   विभिन्न कार्यालयों/विभागों से प्राप्त प्रस्ताव/प्राक्कलन पर विमर्शोपरान्त समिति द्वारा निम्नवत् योजनाएँ अनुमोदित की गयी।

| क्र. | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (अनुमानित) | प्रशासनिक स्वीकृति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ समाहरणालय के ब्लॉक "ए" एवं "बी" में High Speed Internet with Wi-Fi का अधिष्ठापन कार्य | 15,95,537.00 | 575/जि0यो0 दिनांक 29.10.2020 | |
| 2 | Covid Care Centres के लिए RO Water Purifer का क्रय एवं अधिष्ठापन कार्य | 1,78,177.00 | 485/जि0यो0 दिनांक 03.09.2020 | |
| 3 | उपायुक्त, रामगढ़ के गोपनीय शाखा कार्यालय के लिए क्रय किये गये सामग्रियों/उपस्करों के भुगतान | 2,22,849.00 | 549/जि0यो0 दिनांक 08.10.2020 | |
| 4 | रामगढ़ जिलान्तर्गत 100 नये आँगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण | 9,58,00,000.00 | — | सभी 06 प्रखण्डों में |
| 5 | जिला स्तरीय लाईब्रेरी के लिए फर्नीचर का क्रय | 13,20,000.00 | — | |
| 6 | जिला स्तरीय लाईब्रेरी के लिए पुस्तक क्रय | 2,20,782.00 | — | |
| 7 | लाईब्रेरी संचालन हेतु संस्था चयन | — | — | स्थानीय निकाय को प्राथमिकता के आधार पर EOI द्वारा |
| 8 | Van Dhan Vikash Kendra (VDVKs) के स्थापना | 25,00,000.00 | — | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | रामगढ़ जिलान्तर्गत 03 वर्ष से छोटे बच्चों के कुपोषण एवं स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार हेतु किये जाने वाले CRECHE Project | 30,00,000.00 | — | |
| 10 | समाहरणालय परिसर में स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य | 24,79,364.00 | — | |
| 11 | आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिए पेयजलापूर्ति | 1,46,400.00 (Model Estimate) | — | |
| 12 | कस्तूरबा विद्यालय, पतरातू के शौचालय एवं Water Supply कार्य | 2,77,600.00 | — | |
| 13 | कस्तूरबा विद्यालय, रामगढ़ के लिए भवन निर्माण का जीर्णोद्धार | 44,72,000.00 | — | |
| 14 | कस्तूरबा विद्यालय, रामगढ़ के लिए छात्रावास का जीर्णोद्धार | 51,72,000.00 | — | |
| 15 | भैरवा जलाशय में मत्स्य पालन | 2,45,58,000.00 | — | |
| 16 | नलकरी जलाशय में मत्स्य पालन | 98,23,200.00 | — | |
| 17 | सदर अस्पताल, रामगढ़ के ब्लड बैंक के प्रथम तल पर भवन का विस्तार कार्य | 34,18,000.00 | — | |
| 18 | सदर अस्पताल, रामगढ़ परिसर में Steel Shed, Sitting Bench आदि का निर्माण कार्य | 12,83,000.00 | — | |
| 19 | सदर अस्पताल, रामगढ़ परिसर में Pavers Block, Boundry wall आदि कार्य | 24,67,000.00 | — | |
| 20 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरपा, माण्डू का जीर्णोद्धार कार्य | 47,02,000.00 | — | |
| 21 | अवर निबंधन कार्यालय, गोला का चाहरदिवारी निर्माण कार्य | 14,16,000.00 | — | |
| 22 | रामगढ़ शहरी जलापूर्ति योजना का सुदृढ़ीकरण कार्य (Phase-II) | 58,29,223.00 | — | |

4. **अन्य उपयोगी योजनाओं का चयन**

उपयोगी अन्य आवश्यक योजनाएँ, जिसका प्राक्कलन तैयार करने हेतु पूर्व में निदेश दिया गया है, परन्तु प्राक्कलन अप्राप्त है, इस पर समिति द्वारा निम्नवत् सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी :–

I. समाहरणालय सभागार (ब्लॉक "ए") के लिए माईक एवं साउण्ड सिस्टम के अधिष्ठापन कार्य।
II. समाहरणालय परिसर में Pavers Block एवं Community Toilet का निर्माण।
III. समाहरणालय के विभिन्न शाखाओं में कार्यालय कर्मियों के बैठने हेतु Partition निर्माण कार्य।
IV. समाहरणालय के चाहरदिवारी का रंग–रोगन एवं सोहराय पेंटिंग कार्य।
V. अनुसूंचित जनजातिय आवासीय विद्यालय, माण्डू का आवश्यकतानुसार छात्रावास निर्माण कार्य।
VI. DMFT अन्तर्गत अनुबंध पर चयनित एवं कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों / चिकित्सा पदाधिकारियों का आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार तथा मानदेय वृद्धि का अनुमोदन।
VII. कृषि विज्ञान केन्द्र (KVK) माण्डू का चाहरदिवारी निर्माण कार्य।

उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ को प्राक्कलन तैयार करने का निदेश दिया गया।

5. **कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा**

- बिजुलिया तालाब एवं गढ़बाँध तालाब का जीर्णोद्धार/सुन्दरीकरण कार्य की योजना में प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद Non-Civil Work का कार्य अब तक नहीं किये जाने पर कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ से कारण पृच्छा की गयी। उनके द्वारा उक्त कार्य का प्राक्कलन Revised किये जाने की बात कही गयी। उन्हें निदेश दिया गया कि उक्त कार्य, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति कार्यालय ज्ञापांक 484/वि0 दिनांक 21.04.2017 से प्रदत्त होने के बावजूद अब तक कार्य नहीं कराये जाने का कारण स्पष्ट करने तथा उक्त कार्य अविलम्ब पूरा करने का निदेश दिया गया।
- गोला मार्केट विकास कार्य, कुजू मार्केट कॉम्प्लेक्त, पुल–पुलिया आदि की लम्बित योजनाओं का कार्यान्वयन में तीव्रता लाने तथा विशिष्ट गुणवत्ता के साथ ससमय पूरा करने का निदेश दिया गया।
- वन भूमि अन्तर्गत योजनाओं के कार्यान्वयन के पूर्व सक्षम स्तर से Forest Clearence के पश्चात् कार्य सम्पादित किया जाय।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी
–सह–प्रभारी, DMFT, रामगढ़।

ह0/–
सिविल सर्जन,
रामगढ़।

ह0/–
जिला पंचायती राज पदाधिकारी,
रामगढ़।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–सचिव, DMFT, रामगढ़।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
रामगढ़।

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक 619 /जि0यो0 रामगढ़ दिनांक 18/11/2020

प्रतिलिपिः– PMU (DMFT) रामगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित पदाधिकारी/सभी कार्यपालक अभियंता, रामगढ़/जिला अभियंता, जिला परिषद्, रामगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी/सिविल सर्जन/जिला समाज कल्याण पदाधिकारी/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/सभी अंचल अधिकारी, रामगढ़ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उप विकास आयुक्त,
–सह–सचिव, DMFT, रामगढ़।